# हिन्दी

## (दूर्वा)(पाठ 17)(सलमा – वह सुबह कभी तो आएगी)
## (कक्षा 8)

*प्रश्न अभ्यास*

**1. पाठ से**

**प्रश्न कः**

सलमा का पहला कदम बीमारी में ही क्यों बढ़ा था?

उत्तर कः

सलमा बहुत छोटी थी जब भेपाल में गैस रिसाव का कांड हुआथा जिसके कारण वह बचपन में ही बीमार हो गई । उसकी अम्मी उसे बताती हैं कि वे मुझे जकड़कर जहाँगीराबाद भागी थी। उसकी याददाश्त में उसने अपना पहला कदम बीमारी में ही बढ़ाया था। और अब भी वह उससे बच नहीं पाई है।

**प्रश्न खः**

सलमा अपनी अम्माँ से क्या कहती थी जिससे उसकी अम्माँ उसे मार देती थी?

**उत्तर खः**

सलमा की माँ की मानसिक हालत काफी बिगड़ गई थी । वह दरवाजे पर बैठकर अब्बू का इंतजाार करती रहती थीं। वे कहती अब्बू घर आने वाले हैं,उनके लिए चाय बना लें। वे उनके पैरों की आहट सुनतीं और चिल्लाकर कहतीं कि वे घर आ गए हैं। हम उनसे कहते कि अब्बू मर चुके हैं पर वह हमसे कहतीं कि ऐसी बातें नहीं कहते, और अगर हम फिर ऐसा कहते तो वह हमें मार देतीं थीं।

**प्रश्न गः**

सलमा ने ऐसा क्यों कहा कि मैं तो अब जीना चाहती हूँ?

**उत्तर गः**

आयुर्वेद की दवाएँ लेने से सलमा को काफी आराम है। उसके पाँव के छाले सूख रहे हैं, पसलियों का दर्द चला गया है, चेहरे की सूजन, सिर दर्द, बदन दर्द और गले से खून बहना बंद हो गया है। अब उसे पहली बार ऐसा लगने लगा है कि मैं ठीक हो सकती है। वह यह जानती है कि अभी उसे बहुत दूर जाना है। वह अब इतनी खुश रहती है कि अब वह जीना चाहती है ।

**3. देखभाल**

हम उनसे कहते कि जब हम बड़े हो जाएँगे तो उनकी देखभाल करेंगे। इस वाक्य को पढ़ो और बताओ कि–

**प्रश्न कः**

कौन किसकी देखभाल करना चाहता/चाहती है?

**उत्तर कः**

सलमा और उसकी जुड़वॉ बहन अपनी मॉ की देख भाल करना चाहती हैं।

**प्रश्न ख**

वह बड़ा/बड़ी होकर ही देखभाल करना क्यों चाहता/चाहती है?

**उत्तर खः**

सलमा बड़ी होकर अपनी माँ को हर सुख देना चहती है इसलिए वह अपनी माँ की देखभाल करना चाहती है।

**प्रश्न गः**

क्या वह छोटे होने पर देखभाल नहीं कर सकता/सकती है?

**उत्तर गः**

वह बीमार है इसलिए देखभाल नहीं कर सकती है।

**प्रश्न घः**

अगर वह छोटे होने पर भी देखभाल करेगा/करेगी तो क्या हो सकता है?

**उत्तर घः**

अगर वे छोटे होने पर भी देखभाल करेंगे तो ठीक ने देखभाल नहीं कर पाऐंगे।